## ट्विटर



अरुण जेटली का निधन भाजपा के लिए एक असहनीय क्षति है। संसद सदस्य के रूप में उन्होंने लोगों की आवाज उठाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ धर्मयुद्ध के रूप में काम किया।

- अमित शाह, गृह मंत्री

## उक्ति

"कोई भी काम करने से पहले, स्वयं से प्रश्न पूछिए, मैं यह क्यों कर रहा हूं और क्या मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। गहराई से सोचने पर संतोषजनक उत्तर मिल जाए तो आगे बढ़ें।

- चाणक्य



## प्रसंग

# विदेश में पाक प्रायोजित विरोध



**लंदन स्थित इंडिया हाउस के बगल में स्थित इंडिया प्लेस में स्वतंत्रता दिवस मनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एकत्रित भारतीयों पर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित हमले से पूरी दुनिया सन्न है। चाहे ब्रिटन हो या अमेरिका या यूरोप, यहां भारतीयों की संख्या पाकिस्तानियों से कई गुना ज्यादा है। वे उनको सबक सिखाने लायक जवाब दे सकते हैं। लेकिन क्या ऐसा सही होगा? यह भारतीय परंपरा के भी खिलाफ होगा।**

**लंदन** स्थित इंडिया हाउस के बगल में स्थित इंडिया प्लेस में स्वतंत्रता दिवस मनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एकत्रित भारतीय या फिर भारतीय मूल के भारतवंशी निस्संदेह इससे अनजान थे कि पाकिस्तान वहां बड़े हिंसक विरोध प्रदर्शन की योजना बना चुका है। जब अचानक भारी संख्या में पाकिस्तानी और उनके समर्थक बसों से उतरकर वहां पाकिस्तानी झंडा लहराते हुए भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नारा लगाने लगे, गंदी-गंदी गालियां देने लगे तो कुछ समय के लिए किसी की समझ में नहीं आया कि क्या करें। इस तरह के असभ्य और हिंसका विरोध प्रदर्शनों की मिसाल शायद ही मिले। इनकी ओर जूते, अंडे, पत्थर, जमे हुए पानी की बोतलें, शीशे के बोतल, टमाटर, आलू, रंग और न जाने क्या-क्या सामानों से हमला किया जाना लगा। इन सबकी संख्या 10 हजार के आस पास बनाई जाती है। कई भारतीय घायल हुए।

हमले के निशान भारतीय उच्चायोग भवन के दीवारों पर कोई भी देख सकता है। ये सब बसों में भरकर करीब 11.30 बजे लाए गए और साढ़े पांच घंटे इन्होंने वहां अपना कब्जा बनाए रखा। इन्होंने धुएं के बम भी फोड़े। पूरा भय और आतंक का वातावरण वहां था। वे धीरे-धीरे दूसरी दिशा से इंडिया प्लेस में पहुंचने की कोशिश करने लगे। भारतीय मूल के लोगों से कुछ गज की दूरी पर ये रह गए थे। कुछ भारतीय एक बाइलेन में फंस गए जहां से निकलने का रास्ता नहीं था। उच्चायोग के कुछ कर्मचारी भी फंसे थे। वातावरण पूरा डरावना था पर आमना-सामना होने पर जितने भारतीय-भारतवंशी थे वे भारत जिंदाबाद एवं मोदी-मोदी का नारा लगाने लगे। हालांकि इन्होंने किसी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया। भारत के लिए भले पाकिस्तान का यह व्यवहार चिंताजनक है, पर ब्रिटेन की राजधानी लंदन में ऐसा होना उनक लिए तो शर्मनाक है। प्रश्न है कि क्या लंदन पुलिस और प्रशासन को इसकी पूर्व सूचना नहीं थी? थी तो इसे रोकने के लिए क्या किया गया? इतनी संख्या में बसों में भरकर ब्रिटेन के अलग-अलग क्षेत्रों से लोग लाए जा रहे हैं और वहां की पुलिस और खुफिया समझ नहीं पाई कि ये कुछ घंटों के लिए कानून का राज खत्म कर देंगे।

लंदन में दंगा विरोध पुलिस को बुलाने के लिए 999 नंबर डायल करना होता है। कुछ ने डायल किया तो 3.30 बजे दंगा पुलिस पहुंची। इनके लिए भी नियंत्रण करना कठिन था। करीब साढ़े पांच बजे पाक की गुंडागर्दी समाप्त हुई। इस घटना पर गहराई से विचार-विमर्श करना इसलिए जरूरी है क्योंकि पाक सरकार ने योजनापूर्वक ऐसा किया। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने 14 अगस्त को अपने आजादी के दिन पाक अधिकृत कश्मीर के विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि कल देखना लंदन में कितनी पब्लिक एकत्र होती है। ये इतने होंगे जितने पहले कभी नहीं हुए। यह संदेश ब्रिटिश सरकार तथा लंदन प्रशासन तक पहुंची होगी। यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि पाकिस्तान ने भारत को उत्तेजित करने, इसे बदनाम करने, दुनिया के लोगों में भारत की छवि खराब करने, दुनिया भर के मुसलमानों को भारत के खिलाफ करने आदि की जो रणनीति बनाई है यह प्रदर्शन उसी का हिस्सा भर था। उस प्रदर्शन में विदेशी पाकिस्तानी एवं मानव संसाधन विकास पर इमरान खान के विशेष सहायक जुल्फी बुखारी शामिल थे जो इस्लामाबाद से लंदन इसीलिए पहुंचे थे। पाकिस्तान से ही प्रमख ब्रिटिश पाकिस्तानियों और पाकिस्तानियों से संपर्क करके तैयारी की जा रही थी तथा समाचार पत्रों की रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए धन भी खर्च किया गया।

तीन ब्रिटिश पाकिस्तानी लेबर सांसद शबाना महमूद, खालिद महमूद और मुहम्मद यासिन, लेबर सांसद लियाम बिर्ने, पूर्व सांसद जार्ज गैलोव, पीओके में जन्मे नजीर अहमद जिन पर बाल यौन अपराध का मुकदमा चल रहा है, इसमें शामिल थे। साफ है कि लंदन पुलिस एवं प्रशासन को इसका पता था। वैसे भी किसी प्रदर्शन के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है। लंदन जैसी जगह में इतनी देर तक भारत जैसे देश के उच्चायोग एवं इंडिया प्लेस पर हमला होता रहना कैसे संभव है? भारतीयों ने इसके लिए लंदन के मेयर सादिक खान पर आरोप लगाया है। लंदन की कानून व्यवस्था मेयर के हाथों है। कानून और व्यवस्था के लिए दुनिया भर में सामान्य सा सूत्र है कि ऐसे प्रदर्शन के पहले पुलिस-प्रशासन की बैठक होती है और सारी संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। वहां पुलिस की संख्या इतनी कम थी कि वो 8-10 हजार लोगों का सामना करने में सक्षम नहीं हो रहे थे। इस प्रदर्शन और हमलों को रोका जा सकता था। उन बसों को दूर रोककर उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने या वापस जाने को बाध्य किया जा सकता था। केवल ब्रिटेन ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों-भारतवंशियों में इससे आक्रोश पैदा हुआ है।

भारत आज कोई ऐरा-गैरा देश नहीं है। ब्रिटेन को इसका जवाब देना होगा। विडंबना देखिए कि नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने इसे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कहा है। कोई भी हिंसा का वीडियो और तस्वीरें देख सकता है। उच्चायोग भवन हमले की कहानी कह रहे हैं। ब्रिटिश पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार क्यों किया है अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शन था तो? भारत सरकार अपना काम कर रही है, लेकिन ब्रिटेन स्थित भारतीय व भारतवंशी भी इस मामले को यूं ही नहीं जाने देंगे। इमरान खान ने स्वयं दुनिया के प्रमुख देशों में भारत के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है और उनके कार्यालय से इसकी तैयारी और मॉनिटरिंग होती है। उन्होंने सितंबर में होने वाले संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा के अधिवेशन के दौरान भी बड़े प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। नरेंद्र मोदी वहां जाने वाले हैं जहां भारतवंशियों के बीच सभा भी आयोजित है। यह अमेरिका को तय करना होगा कि वह लंदन दुहराना चाहता है या उसको रोकना। पर यह रवैया आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है।

भारतीय पाक की तरह सामान्यतः इस तरह अभद्र प्रदर्शन व हिंसा करके यह संदेश नहीं देना चाहते कि हम भी उन्हीं की तरह है। किंतु देश और देश के नेता जो देश का ही प्रतीक होता है, के खिलाफ इस तरह पाकिस्तानी और उनके समर्थक करेंगे, भारतीयों के खिलाफ हिंसा करेंगे तो उसकी प्रतिक्रिया होगी। फिर वह खतरनाक मोड़ ले सकती है। इस तरह इमरान हताशा और खीझ में एकदम खतरनाक रास्ता पकड़ चुके हैं। वे एक ओर चाहते हैं कि भारत उत्तेजित होकर कुछ कार्रवाई करे तो दूसरी और दुनिया को भी झूठे भय दिखा रहे हैं। वे ट्वीट कर रहे हैं कि हिंदू वर्चस्व की विचारधारा से भरा मोदी प्रधानमंत्री है, संघ दूसरे सभी धर्म को खत्म करने में विश्वास करता है। वे ट्वीट में कह रहे हैं कि क्या दुनिया कश्मीर में मुस्लिमों का एक और स्नेब्रेनिका जैसा नस्लीय सफाया देखती रहेगी? मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर यह होने दिया गया तो गंभीर परिणाम होंगे।

भारत की चुनौतियां बढ़ गई हैं। पाक से निपटने के कदम उठाने होंगे। चाहे ब्रिटन हो या अमेरिका या यूरोप के देश, यहां भारतीयों की संख्या पाकिस्तानियों से कई गुना ज्यादा है। वे उनको सबक सिखाने लायक जवाब दे सकते हैं। लेकिन क्या ऐसा सही होगा? पाकिस्तान सरकार द्वारा प्रायोजित प्रदर्शनों और हिंसा का जवाब देने के लिए भारत सरकार भी जवाबी प्रायोजन करे यह भारतीय संस्कार के अनुकूल नहीं लगता। लेकिन प्रश्न है कि किया क्या जाए?


## विशेष संपादकीय

# हमेशा याद आते

पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली का बीते शनिवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। देश की राजनीति में जेटली की भूमिका हमेशा याद की जाएगी। जेटली भले ही जनाधार के नेता न रहे हों, लेकिन उनकी अहमियत भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेताओं में रही। उन्हें पार्टी का चाणक्य भी कहा गया क्योंकि वह रणनीति के माहिर थे। 1974 में जेटली ने दिल्ली छात्र संघ का चुनाव जीता था। 1977 में वे जनसंघ में शामिल हुए। 1980 में वे भाजपा में सक्रिय हो गए थे, लेकिन 34 सालों तक वे सीधे चुनावी रण में नहीं उतरे थे। 2014 में जब भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही थी तो जेटली चुनाव लड़ने उतरे। पार्टी ने जेटली के लिए पंजाब की अमृतसर सीट फाइनल की। हालांकि उन्हें कांग्रेस के दिग्गज नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जीतने नहीं दिया। बावजूद इसके वे मोदी सरकार में अहम मंत्री पद संभाला। बिहार की राजनीति में अरुण जेटली की असल भूमिका चारा घोटाले के दौर में शुरू हुई थी। यहीं से लालू राज का ढलना शुरू हो गया था। हालांकि लालू के बाद राबड़ी देवी सत्ता में बनी रहीं, लेकिन जेटली भी अपनी गणित बैठाते रहे। 2005 के विधानसभा चुनाव में अरुण जेटली को बिहार भाजपा का प्रभारी बनाया गया। उस वक्त राबड़ी देवी की वापसी तय मानी जा रही थी, लेकिन लालू और पासवान में आपसी कलह की वजह से राज्य में राष्ट्रपति शासन तक की नौबत आ गई। दरअसल, जनता भी लालू-राबड़ी का विकल्प ढूंढ रही थी। जेटली ने इस मौके को भांपते हुए प्रमोद महाजन को विश्वास में लेते हुए नीतीश कुमार को एनडीए का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कराया और उन्हें न्याय यात्रा पर निकलने की सलाह दी। अक्टूबर नवंबर के चुनाव में जेटली ने खुद पटना में चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद नीतीश कुमार की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। तब से अब तक नीतीश कुमार राज्य के मुख्यमंत्री हैं। अरुण जेटली कभी चुनाव नहीं जीत पाए, लेकिन जहां भी उन्होंने चुनावी बिसात बिछाई वहां भाजपा को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 2003 में उन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की कमान सौंपी गई, जिसके बाद राज्य में भाजपा ने 15 साल शासन किया। वर्ष 2008 कर्नाटक विधानसभा चुनाव की कमान जेटली को सौंपी गई थी। कर्नाटक में पहली बार कमल खिलाने का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। हालांकि कर्नाटक की सियासत में जेटली बहुत सक्रिय नहीं दिखे, लेकिन पहली बार राज्य में कमल खिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। इसके अलावा जेटली ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भी पार्टी के लिए अहम कड़ी रहे थे। राज्यों में जब जेटली भाजपा का आधार मजबूत कर रहे थे, तभी वे नरेंद्र मोदी के भी निकट आ रहे थे। मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कराने में अरुण जेटली की अहम भूमिका रही। आज अरुण जेटली भले ही हमारे बीच न हों, मगर उनकी कमी सिर्फ भाजपा को नहीं पूरे देश को खलेगी।

# जेटली का जाना अखर गया

भाजपा के वरिष्ठ नेता व नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में वित्त मंत्री का कार्यभार संभालने वाले अरुण जेटली अब हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने शनिवार को दोपहर दिल्ली एम्स में 12 बजकर सात मिनट पर आखिरी सांस ली। जेटली एम्स में पिछले कई दिनों से भर्ती थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही थी। 66 साल के जेटली को सांस लेने में दिक्कत और बेचैनी की शिकायत के बाद नौ अगस्त को ए स लाया गया था। एम्स ने 10 अगस्त के बाद से अरुण जेटली के स्वास्थ्य पर कोई बुलेटिन जारी नहीं किया था। जेटली ने खराब स्वास्थ्य के चलते 2019 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। पेशे से वकील रहे जेटली ने मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान अहम जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने वित्त के साथ कुछ समय के लिए रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाई। वह कई मौकों पर सरकार के संकटमोचक भी बने। इस साल मई में उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। बाद में छुट्टी दे दी गई थी। पिछले साल 14 मई को जेटली का एम्स में गुर्दे का प्रत्यारोपण हुआ था। जेटली पिछले साल अप्रैल से वित्त मंत्रालय नहीं जा रहे थे। हालांकि वह 23 अगस्त, 2018 को दोबारा अपने मंत्रालय पहुंचे थे। उनकी गैर मौजूदगी में तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोलय को वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। पुरुषस्य भाग्यम दैवो न जानामि। भारतीय सनातन धर्म परंपरा की पुरानी धारणा है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली पर सटीक बैठती है। श्रीराम कालेज से कामर्स स्नातक रहे जेटली कभी चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहते थे। उन्होंने परीक्षा भी दी थी, लेकिन कहते हैं कि उनके भाग्य में कुछ और लिखा था। एक छात्र नेता से हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता बने अरुण जेटली को वर्ष 2014-2019 तक मोदी कैबिनेट का ताकतवर मंत्री बनना था। मंत्री ही नहीं सरकार का संकट मोचक भी बनना था। अरुण जेटली का पूरा नाम अरुण महाराज किशन जेटली है। 66 साल के अरुण जेटली की छात्र जीवन से ही राजनीति में रुचि रही और 1973 के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर कॉलेज के विद्यार्थी रहे जेटली ने श्रीराम कालेज से बीकॉम में दाखिला लिया। यहां से बीकॉम करने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी में प्रवेश लिया और 1977 में लॉ ग्रेजुएट की डिग्री पाने से पहले अरुण जेटली ने राजनीति में भी काफी कुछ हासिल कर लिया था, वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़े थे। अरुण जेटली वर्ष 1974 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष चुने गए और 1975-77 के दौरान वह देश में लगे आपात काल के दौरान प्रीवेंशन और ऑफ डिटेंशन का सामना करने वाले भी बने। जेल से रिहा हुए तो जनसंघ के सक्रिय सदस्य बने। राजनरायण और जय प्रकाश नारायण के शुरू किए आंदोलन में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले बने। जयप्रकाश जी द्वारा बनाई गई नेशन कमेटी फॉर स्टूडेंट के संयोजक भी बनाए गए। लेकिन इसके बाद अरुण जेटली ने



**पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली अब हमारे बीच नहीं हैं। उनका गत शनिवार को एम्स में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। अरुण जेटली का जाना हर किसी को अखर रहा है। जेटली के निधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी बड़ी व्यक्तिगत क्षति माना जा रहा है। अरुण जेटली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दोस्ती के रिश्ते जगजाहिर रहे हैं।**

अपना ध्यान प्रोफेशनल कॉरियर बनाने में लगाया। 80 के दशक में अरुण जेटली ने देश के विभिन्न हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में बतौर वकील अपनी पहचान बनाई। जनवरी 1990 में जेटली दिल्ली हाईकोर्ट के नामित वरिष्ठ अधिवक्ता बने। 1989 में तत्कालीन वीपी सिंह की सरकार ने जेटली को एडिशनल सॉलीसीटर जनरल बनाया। वकालत के कॉरियर में जेटली शरद यादव (तब जनता दल), लालकृष्ण आडवाणी (भाजपा) और माधव राव सिंधिया (कांग्रेस) के वकील रहे। तमाम नामी कंपनियों के वकील रहे और अपनी जगह बनाई। वकालत के करियर को धार देने के बाद अरुण जेटली ने फिर राजनीति की तरफ समय देना शुरू किया। 1991 में वह भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल हुए। साल 1999 में अरुण जेटली को पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया।

लोकसभा चुनाव के बाद देश में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए के बैनर तले भाजपा सत्ता में आई। अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार में अरुण जेटली को सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मिला। बाद में विनिवेश राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी बने। बाद में, जेटली को विधि एवं न्याय मंत्रालय में मंत्री बनाया गया और नवंबर 2000 में तत्कालीन कानून मंत्री राम जेठमलानी के त्यागपत्र देने के बाद जेटली को केंद्रीय कानून मंत्री की जिम्मेदारी मिली। 2002 में जेटली फिर भाजपा के संगठन में चले गए 2003 में फिर वाजपेयी मंत्रिमंडल में शामिल हुए। इस बार उन्हें वाणिज्य मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया। जेटली के निधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी बड़ी व्यक्तिगत क्षति माना जा रहा है। अरुण जेटली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दोस्ती के रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। ये अरुण जेटली ही थे, जिन्होंने 'मोदी है तो मुमकिन है' का नारा दिया था। मोदी को दिल्ली की राजनीति से रुबरू कराने के साथ ही सरकार चलाने तक हर बार अरुण जेटली उनके सबसे बड़े मददगार के तौर पर उभरे। इतना ही नहीं जब भी पार्टी संकट में दिखी अरुण जेटली सबसे बड़े संकटमोचक के तौर पर सामने आए। जेटली ने मोदी को दिल्ली की अफसरशाही से रुबरू कराने के साथ उसके सियासी दांवपेंचों से भी अवगत कराया। वित्तमंत्री रहते हुए अरुण जेटली ने कई बार मोदी सरकार को मुश्किलों से उबारने में संकटमोचक की भूमिका निभाई। जब देशभर में जीएसटी लागू किया जाना था और उसे लेकर विपक्ष के साथ ही व्यापारियों में सामंजस्य बनाया जाना था। ऐसे में प्रावधानों में जरूरी संशोधन करने में जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जेटली विधिक सलाहकार भी थे, ऐसे में कई बार विधिक मुश्किलों से भी पार्टी नेताओं को जेटली की मदद से बाहर निकाला गया। 2013 में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में सशक्त तरीके से लाने वाले प्रमुख रणनीतिकारों में थे। पर्दे के पीछे रहकर जेटली ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए केंद्रीय राजनीति में तमाम मोहरे फिट करते रहे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद जेटली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाई। 2014-19 तक केंद्र सरकार के संकट मोचक बने रहे। अरुण जेटली का स्वास्थ्य 2014 से उन्हें धोखा देता रहा। अनियंत्रित डायबिटीज से निजात पाने के लिए सितंबर 2014 में गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी कराई। इसके कुछ समय बाद मई 2018 में जेटली को किडनी की बिमारी से परेशान होकर किडनी ट्रांसप्लांट के दौर से गुजरे। वर्ष 2019 के जनवरी महीने में उन्हें एक और गंभीर बीमारी ने घेर लिया। वह साफ्ट टिश्यू कैंसर की गिरफ्त में आ गए। स्वास्थ्य वजहों के चलते जेटली ने 2019 में दोबारा सत्ता में आने पर मोदी सरकार की कैबिनेट में न जाने की इच्छा जताई। पिछली 9 अगस्त से वे एम्स के गहन चिकित्सा कक्ष में गंभीर अवस्था में भर्ती थे और अंततः जिंदगी की जंग हार गए।

# अब कहीं का नहीं रहेगा पाक

पाकिस्तान आखिरकार लैकलिस्टेड हो ही गया। एफटीएएफ यानी फाइनेंशियल एशन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को लैकलिस्ट कर दिया है। टेरर फंडिंग व आतंकी संगठनों की मनी लॉन्ड्रिंग पर रोक लगाने में नाकाम रहने के बाद एफटीएएफ के एशिया पैसेफिक ग्रुप ने पाकिस्तान को लैक लिस्ट में डाल दिया है। एफटीएएफ ने पाया है कि 40 में से 32 मानकों पर पाकिस्तान नाकाम रहा है। लैकलिस्ट होने के बाद अब पाकिस्तान पाई-पाई को मोहताज हो जाएगा और उसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विदेश से कर्ज लेना तकरीबन नामुमकिन हो जाएगा। बता दें कि पाकिस्तान पहले से ही एफटीएएफ की ग्रे लिस्ट में था और उस पर आतंकी संगठनों पर एशन लेने का भारी दवाब था। ऑस्ट्रेलिया के कैबनरा में पाक से जुड़ी म्युचुअल इवेल्यूशन रिपोर्ट यानी एफटीएएफ को पेश किया गया। इस रिपोर्ट के बाद पाकिस्तान लैकलिस्ट हो गया। जी 7 देशों की पहल पर एफएटीएफ की स्थापना 1989 में हुई थी। यह एक अंतराष्ट्रीय संस्था है।

इस संगठन के सदस्यों की संज्या 37 है। भारत भी इस संगठन का सदस्य है। इसका मुख्य उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर लगाम लगाने में नाकाम देशों की रेटिंग तैयार करना है। एफएटीएफ ऐसे देशों की दो लिस्ट तैयार करता है। पहली लिस्ट ग्रे और दूसरी लैक होती



**पाक आखिरकार लैकलिस्टेड हो ही गया। एफटीएएफ यानी फाइनेंशियल एशन टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को लैकलिस्ट कर दिया है। यह भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक सफलता है। अब वह पाई-पाई को मोहताज हो जाएगा और उसे कर्ज लेना नामुमकिन हो जाएगा।**

है। ग्रे लिस्ट में शामिल होने वाले देशों को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से आर्थिक मदद मिलने में मुश्किल होती है। वहीं, लैक लिस्ट में आने वाले देशों को आर्थिक सहायता मिलने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। पाकिस्तान को काली सूची में डाला जाना भारत के लिए बहुत बड़ी सफलता है। भारत काफी दिनों से कूटनीतिक स्तर पर यह प्रयास कर रहा था कि पाकिस्तान कंगाल हो जाए। भारत की यह कोशिश पुलवामा हमले के बाद तेज हुई थी। तबसे भारत इसी कोशिश में था कि पाकिस्तान की आर्थिक कमर कैसे तोड़ी जाए। अब जबकि वह इसमें कामयाब हो गया है, तो यह मान लेना चाहिए कि पाकिस्तान के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। पाकिस्तान की आर्थिक दशा इस समय कैसी है, यह सभी को पता है।

वहां के लोगों को खाने के लाले हैं। महंगाई आसमान छू रही है। मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन हो रह है। इसके बाद भी पाकिस्तान की अकड़ नहीं जा रही है।

यह स्थिति पाकिस्तान के लिए बहुत घातक है। दुनिया में पाकिस्तान को अलग-थलग करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम का असर दिख चुका है। कई देशों ने भी पाकिस्तान से कारोबारी संबंध खत्म करने का इशारा दिया है। पुलवामा हमले के बाद भारत पहले ही पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन की सूची से बाहर कर चुका है। रही सही कसर पाक ने ही पूरी कर दी है। धारा-370 खत्म करने के बाद पाक ने भारत से व्यापारिक संबंध खत्म कर अपने पैर पर ही कुल्हाड़ी मार ली है। अब लैक लिस्टेड होने के बाद उसकी बुरे दिन शुरू होने तय हैं।


Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN-453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)

Editor: ATUL SHARMA*

*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863,


All Rights Reserved. Reproduction in whole or in part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.

# जासूसी एप्लिकेशन जिनकी मदद से आप भी बन सकते हैं जेम्स बॉन्ड



**हॉलीवुड की फिल्मों में जेम्स बॉन्ड के कारनामे देखकर आप आश्चर्यचकित रह जाते हैं, किंतु आपको मालूम है कि इस तरह के कारनामे आप भी कर सकते हैं। आज एंडरॉयड स्मार्टफोन के लिए कई बेहतर एप्लिकेशन हैं, जिनकी मदद से आप जेम्स बॉन्ड के समान जासूस बन सकते हैं।**





## इन z Apps के जरिए किसी की भी हो सकती है जासूसी

वैसे तो Google Play Store पर हर रोज नए -नए एंड्राइड APPS आते रहते हैं। इनमें कई तरह के Apps शामिल होते हैं। वैसे तो ज्यादातर App हमारे फायदे या काम के होते हैं, लेकिन कुछ App उनमें से हमारे लिए मुसीबत का कारण भी बन जाते हैं। कुछ App के जरिए लोग अपने दोस्तों, पत्नी, या दुश्मन की पल-पल की जासूसी करते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही App के बारे में बताते हैं जिनके जरिए जासूसी हो रही है और आपको इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

**spy camera** इस एप की मदद से आप अपने फोन पर पल-पल नजर रख सकते हैं। जैसे ही कोई दूसरा शख्स आपके फोन को टच करेगा तो यह फोन उसकी फोटो क्लिक कर लेगा और उसे पता भी नहीं चलेगा यह एप आपकी इजाजत के बिना आपके फोन को छूने वालों का वीडियो भी बना सकता है।



### find my kids

एक नया App जिसके जरिए guardian अपने बच्चों की सुरक्षा का घर बैठे ध्यान रख सकते हैं। crime बढ़ रहा है, ऐसे में बच्चों की चिंता होना जाहिर-सी बात है, इस ऐप की मदद से आप अपने बच्चों की रियल टाइम लोकेशन जान सकते हैं। बस आपको एक काम करना होगा कि इस ऐप को अपने बच्चे के स्मार्टफोन में इंस्टॉल करना है। उसके बाद आपको अपने बच्चे की पल-पल की अपडेट मिलती रहेगी।




### cell ट्रैकर

लोकेशन ट्रैक करने के लिए यह सबसे बढ़िया एप है। यह एप उन लोगों के लिए बड़े ही काम का है, जो सेल्स से जुड़े हैं। इस एप के जरिए आप जान सकते हैं कि आपकी कंपनी का कर्मचारी किस वक्त कहां था। प्रत्येक 30 मिनट पर आप लोकेशन चेक कर सकते हैं तो यदि आप बॉस हैं तो अपने सेल्स कर्मचारी के फोन में इस एप को इंस्टॉल कर सकते हैं।

### ear agent U

इस App में इक्विलाइजर और एम्पलिफायर लगा हुआ है जिसकी मदद से यह आसपास की आवाज को रिकॉर्ड करता है। यह एप आपके आसपास हो रही बातचीत को चुपके से आपके फोन में रिकॉर्ड और सेव कर लेता है।

### Fake Call: Agent Killer 147

इस एप के जरिए फर्जी कॉलिंग की जाती है। इसमें टाइम सेट करके आप अपने दोस्तों को मस्ती-मजाक के लिए परेशान कर सकते हैं।

### मोबाइल हिडेन कैमरा

इस कैमरा एप्लिकेशन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इंस्टॉल होने के बाद भी यह फोन में दिखाई नहीं देता। यह छिपा हुआ होता है। जासूसी के दौरान किसी को बिना बताए रिकॉर्डिंग करने के लिए यह बेहद ही शानदार एप्लिकेशन है। इसमें रिकॉर्डिंग के दौरान शटर साउंड भी नहीं होता और यह हाईक्वालिटी वीडियो रिकॉर्ड में सक्षम है।



### जीपीएस फोन ट्रैकर

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है। यह एप्लिकेशन आपके फोन को ट्रैक करने का कार्य करता है। यह जीपीएस के आधार पर आपके स्मार्टफोन की वास्तविक स्थिति बताने में सक्षम है। इसके साथ ही आप इस एप्लिकेशन के मैसेज, कॉल और वेब एक्टिविटी को भी ट्रैक करने में सक्षम है।

### साइलेंट आई




साइलेंट आई भी आपके तकनीक जासूसी का महत्वपूर्ण हथियार है। आप अपने फोन का उपयोग नाइट विजन कैमरे के रूप में कर सकते हैं। हालांकि जरूरी नहीं कि आप नए फोन को ही इस कार्य में उपयोग करें, बल्कि इस जासूसी में आप पुराने फोन का भी उपयोग कर सकते हैं। एप्लिकेशन को ऑन करने पर जैसे ही कैमरे के सामने कोई हलचल होगी इसका अलार्म बज उठेगा। वहीं इससे रिकॉर्ड वीडियो को आप दूसरे डिवाइस पर ही स्ट्रीम कर सकते हैं।

### स्पाई मैसेज फ्री

यदि आप चाहते हैं कि आपके मैसेज को कोई न पढ़ सके तो आप सिक्योर मैसेज सर्विस स्पाई मैसेज का सहारा ले सकते हैं। एंडरॉयड फोन उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है, इस एप्लिकेशन में आप अपने गूगल अकाउंट से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें जिन मैसेज को आप फोन में रखना नहीं चाहते, वे खुद ही डिलीट हो जाएंगे। वहीं आप अपने मैसेज डिलीट का टाइम भी सेट कर सकते हैं।

### सेल ट्रैकर

सेल ट्रैकर एप्लिकेशन के माध्यम से आप किसी स्मार्टफोन के बेहद ही सटीक लोकेशन का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं आप यह भी पता लगा सकते हैं कि फोन को लेकर उपभोक्ता कहां–कहां गया है।

### ऑटोमैटिक कॉल रिकॉर्डर

यदि आप किसी फोन के कॉल की जानकारी प्राप्त करना चहाते हैं तो ऑटोमैटिंक कॉल रिकॉर्डर बेहतर एप्लिकेशन है। कॉल कनेक्ट होते ही खुद ही रिकॉर्डिंग शुरू हो जाती है। रिकॉर्ड कॉल को आप शेयर भी कर सकते हैं वहीं इसमें क्लाउड स्टोरेज का भी विकल्प दिया गया है।

## जासूसी के लिए उपयोग में आने वाले एप्स की लिस्ट में Automatic Call Recorder भी शामिल

ऑटोमैटिक कॉल रिकॉर्डर गूगल प्ले पर मौजूद है। इस एप को जासूसी के लिए उपयोग में आने वाले कुछ एप्स की लिस्ट में ऑटोमैटिक कॉल रिकॉर्डर भी शामिल है। गूगल प्ले पर उपलब्ध इस एप की मदद से फोन पर आने वाले किसी भी कॉल को रिकॉर्ड कर सकते हैं। यूजर उसे बाद में सुन सकता है। एप की मदद से आने वाले फोन के साथ किए गए किसी भी कॉल को रिकॉर्ड किया जा सकता है।

इस एप में एक और खास फीचर है, जिसकी मदद से फोन में रिकॉर्ड की गई सभी कॉल्स में पासवर्ड भी लगाया जा सकता है। ऐसा करने पर रिकॉर्ड किए गए प्राइवेट कॉल्स कोई और नहीं सुन पाएगा। ऐसे में यूजर की प्राइवेसी का ख्याल रखा जाएगा। गूगल प्ले पर इस एप को यूजर रेटिंग के हिसाब से 5 में से 4.2 स्टार दिए गए हैं।

### IP Cam Viewer Lite

यह एक जादूई एप्लिकेशन है, यह आपके आस-पास अगर कोई सीक्रेट कैमरा छिपा है उसका पता लगाती है। किसी और जगह से अपने कैमरे को कंट्रोल करने के लिए इस एप का इस्तेमाल किया जाता है। डिजिटल जूम, होम स्क्रीन विजेट्स, मोशन डिटेक्शन जैसे फीचर्स के साथ यह एप काफी अच्छा साबित हो सकता है। इस एप को गूगल प्ले की तरफ से 5 में से 4.3 स्टार दिए गए हैं।

### Remote Call & SMS Tracker

अपने नाम की तरह काम करने वाले इस एप के जरिए यूजर के कॉल, एसएमएस कहीं से भी ट्रैक किए जा सकते हैं। इस एप को इस्तेमाल करने के लिए पहले इसे डाउनलोड करना होगा इसके बाद एप्लिकेशन में अपनी ई-मेल आईडी और पासवर्ड डालकर रजिस्टर करना होगा। ऐसा करने के बाद एक 4 डिजिट का पिन यूजर को दिया जाएगा जिसकी मदद से ऐप काम करेगा। जब भी स्मार्टफोन में कॉल या एसएमएस ट्रैक करना चाहेंगे उस समय इस एप में लगइन करें। गूगल प्ले की यूजर रेटिंग में इस एप को 5 में से 4.1 स्टार दिए गए हैं।

### App Lock

यह एप्लिकेशन उन लोगों के लिए काफी काम की साबित हो सकती है, जो किसी बात को सीक्रेट रखने में ज्यादा यकीन करते हैं। अगर आप चाहते हैं कि स्मार्टफोन में मौजूद किसी एप का पता ना चले तो इस एप को इंस्टॉल करिए और बाकी सब कुछ लॉक कर दीजिए। यह एप गूगल प्ले पर फ्री में उपलब्ध है। गूगल प्ले पर इसे 5 में से 4.5 स्टार दिए गए हैं।

### Spy Call Recorder

इस एप्लिकेशन की मदद से आप किसी की भी बातें रिकॉर्ड करके उसे MPx फॉर्मेट में सेव कर सकते हैं। यह इनकमिंग और आउटगोइंग दोनों ही तरह के कॉल्स के लिए उपयोगी है। यह ऑटोक्लीनिंग भी करता है बहुत पुराने रिकॉर्ड्स को डिलीट भी किया जा सकता है। गूगल प्ले की एंड्रॉइड रेटिंग के हिसाब से इस एप को 5 में से 3.7 स्टार दिए गए हैं।

### M-SPY

आप अपने फोन को माइक्रोफोन की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको एम-स्पाइ एप इंस्टॉल करना होगा और इसे स्टार्ट करके उस जगह पर रखना होगा जहां से आपको बातें रिकॉर्ड करनी हैं। इसके बाद इस एप को स्टार्ट करने के लिए सिर्फ एक मेसेज भेजना होगा अपने फोन पर। यह ऐप डाउनलोड करने के लिए http://www.mspy.com/android_spy.html लिंक पर जाना होगा।




### Ear Spy: Super Hearing

किसी की बातें छिपकर सुनने के लिए यह एप बहुत अच्छा एप साबित हो सकता है। इस एप के कुछ फीचर्स एंड्रॉइड 4.2 या उससे ऊपर के ऑपरेटिंग सिस्टम की जरूरत होती है। बाकी फीचर्स एंड्रॉइड 2.3 या उससे ऊपर के ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करने लगते हैं। गूगल प्ले की यूजर रेटिंग के हिसाब से इस एप को 5 में से 3.6 स्टार दिए गए हैं।

## इन तरीकों से आप रोक सकते हैं अपने फोन की जासूसी

हाल में एक खबर आई है कि 1,000 से ज्यादा ऐसे एप्स हैं, जो आपके फोन की जासूसी कर रहे हैं। भले ही आपने अनुमति न दी हो, बावजूद इसके वे आपके फोन से डाटा चोरी कर रहे हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, बल्कि एंडरॉयड फोन हो या फिर आईफोन इससे पहले भी कई बार एप्स पर जासूसी के आरोप लगते आए हैं। ओएस में सिक्योरिटी अपडेट तो दिए जाते हैं, लेकिन कुछ कमियों का फायदा उठकार ये कुछ चोर एप्लिकेशन आपकी निजी डाटा चोरी करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने फोन की डाटा सुरक्षा को लेकर पहले से सजग रहें। हालांकि कुछ तरीके हैं, जिनके माध्यम से आप अपने फोन की जासूसी को बहुत हद तक कम कर सकते हैं। आगे हमनें फोन में जासूसी रोकने के ऐसे ही 5 तरीके हैं।

### एप्स को उतना ही परमिशन दें जितनी जरूरत हो

जब आप कोई एप इंस्टॉल करते हैं तो वह आपके फोन में कई तरह के ऐक्सेस मांगता है। यह ऐक्सेस आपके कॉन्टैक्ट देखने से लेकर फोन का माइक्रोफोन और कैमरा का उपयोग तक का होता है। आप बिना सोचे समझे परमिशन तो दे देते हैं, लेकिन यही एप बाद में आपकी जासूसी करने लगते हैं। इसलिए जब आप किसी एप को इंस्टॉल कर रहे हैं तो उसके उपयोग को समझें और उतना ही एक्सेस दें जितना की जरूरत हो। कोई पेमेंट एप है तो आप कॉन्टैक्ट मैसेज और कैमरे का एक्सेस दे सकते हैं, उसका लोकेशन से कोई काम नहीं। वहीं यदि वह माइक्रोफोन ऐक्सेस मांग रहा है तो भी गलत है। हर एप को उसकी उपयोगिता के हिसाब से परमीशन दें।

### एप परमिशन का करें रिव्यू

यदि आपने अपने फोन में पहले से एप इंस्टॉल कर रखा है तो एक बार समय निकाल कर उन एप के परमिशन को रिव्यू जरूर करें। इस रिव्यू के दौरान आप अनचाहे परमीशन को रोक सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको

1. अपने फोन की सेटिंग में जाना है।
2. यहां पर आपको एप का ऑप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करें।
3. इसके साथ ही सारे एप ओपन हो जाएंगे।
4. अब आप एप पर क्लिक करेंगे तो कई ऑप्शन मिलेंगे। थोड़ा नीचे स्क्रॉल करने पर एप परमीशन का विकल्प दिखाई देगा। यहां से आप परमीशन को ऑफ और ऑन कर सकते हैं।
5. हालांकि कई फोन में एप परमिशन के लिए अलग से ऑप्शन होता है। जब आप परमीशन पर क्लिक करेंगे तो वहां सारे परमिशन आ जाएंगे आप उन पर क्लिक कर देख सकते हैं कि कौन से एप को किस तरह का परमीशन मिला है। यहां से परमिशन को ऑन ऑफ कर सकते हैं।

### लोकेशन शेयर रखें बंद

अक्सर हम अपने फोन के लोकेशन को ओपन रख देते हैं, लेकिन इससे भी आपके फोन की जासूसी होती है। कई ऐप आपसे लोकेशन एक्सेस कर लेते हैं और आप कहां जा रहे हैं, किस जगह बैठ रहे हैं और किस तरह की खरीदारी कर रहे हैं, ये सारी जानकारी लेते रहते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने फोन की लोकेशन सेटिंग को ऑफ रखें और जब जरूरत हो तो ही ऑन करें। अगर आप अपने लोकेशन हिस्ट्री को डिलीट कर देते हैं तो ज्यादा बेहतर है। लोकेशन को ऑफ तो आप क्विक सेटिंग से कर सकते हैं। परंतु लोकेशन हिस्ट्री डिलीट करने के लिए आपको सबसे पहले

1. फोन की सेटिंग में जाना है और यहां से लोकेशन का चुनाव करना है।
2. कई फोन में यह ऑप्शन सिक्योरिटी एंड लॉकस्क्रीन के अंदर मिलेगा।
3. लोकेशन में जानें के साथ आपको शुरुआत में ही तीन चार ऑप्शन मिलेंगे, जिनमें एक लोकेशन हिस्ट्री भी होगा। उसे क्लिक करें।
4. इसके साथ ही लोकेशन हिस्ट्री को ऑन-ऑफ करने का विकल्प आएगा। उसे ऑफ कर दें। इसके बाद आपकी हिस्ट्री नहीं सेव होगी।
5. परंतु लोकेशन हिस्ट्री को डिलीट करने के लिए सबसे पहले आपको फोन में मैप को ऑन करना होगा।
6. यहां से मैप सेटिंग में जाना है।
7. इसमें मैप हिस्ट्री का विकल्प मिलेगा आप उसे क्लिक कर दें।
8. यहां आपके लोकेशन की पूरी जानकारी आ जाएगी कि आप कब-कब और कहां-कहां गए हैं।
9. यहां से आप एक-एक कर अपनी पूरी हिस्ट्री को डिलीट कर सकते हैं। इसके साथ ही चाहें तो एक साथ पूरी हिस्ट्री को डिलीट कर सकते हैं।
10. इसके लिए उपर दाईं ओर दिए गए तीन डॉट पर क्लिक करना है और डिलीट एक्टिविटी बाइ पर जाना है। यहां पर आप डिलीट ऑल टाइम पर क्लिक कर एक साथ पूरी हिस्ट्री को डिलीट कर सकते हैं।

### फोटो लोकेशन करें ऑफ

शायद आपको मालूम नहीं कि आपके फोटो से भी लोकेशन की जासूसी की जा सकती है। आप अपने फोन से फोटो क्लिक करते हैं और उसमें लोकेशन स्टोर का ऑप्शन होता है, जो फोटो के साथ आपकी लोकेशन को भी सुरक्षित कर लेता है। कई ऐप आपके एल्बम और कैमरे का ऐक्सेस लेते हैं और वह इससे भी जासूसी करते हैं। ऐसे में आप फोटो लोकेशन स्टोर को ऑफ कर दें। इसके लिए आपको

1. कैमरा को ओपेन करना है और कैमरा सेटिंग में जाना है।
2. सेटिंग में ही स्टोर लोकेशन का विकल्प मिलेगा उसे ऑफ कर दें। इसके साथ ही फोटो के साथ लोकेशन स्टोर ऑफ हो जाएगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार श्री कृष्ण मुरारी मंदिर गोपाल नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में अभिजय चोपड़ा (पंजाब केसरी) व आये हुए अतिथिगण को मंदिर कमेटी सम्मानित करते हुए।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शीतल विज (संपादक दैनिक सवेरा) व आये हुए अतिथिगण को मंदिर कमेटी सम्मानित करते हुए।


श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बावा हेनरी (विधायक) व आये हुए अतिथिगण को मंदिर कमेटी सम्मानित करते हुए।


श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जगदीश राजा (मेयर) को मंदिर कमेटी सम्मानित करते हुए।


श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मनोरंजन कालिया (पूर्व मंत्री) व आये हुए अतिथिगण को मंदिर कमेटी सम्मानित करते हुए।


श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को सम्मानित करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्यगण।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

■ जालंधर/विजय कुमार

बाल गोपाल श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से मथुरा के कारागार में हुआ था। उनके जन्म के अवसर पर हर वर्ष इस तिथि को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखा जाता है, मंदिरों को सजाया जाता है, रात्रि के समय भगवान बाल गोपाल के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने और विधि से पूजा करने पर निसंतान लोगों को संतान सुख की प्राप्ति होती है। वहीं अन्य लोगों को जीवन में आनंद की प्राप्ति होती है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को रात्रि के समय लोग गीता का पाठ करते है, लेकिन इस दिन बाल गोपाल श्री कृष्ण के जन्म की कथा अवश्य सुननी चाहिए। जिस समय देवकी ने अपनी आठवीं संतान को जन्म दिया, वह स्वयं भगवान वासुदेव कृष्ण अवतार में पृथ्वी पर जन्में थे। उसी समय यशोदा ने एक पुत्री को जन्म दिया। इस बीच देवकी के कारागार में अचानक प्रकाश हुआ और भगवान श्रीहरि विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने वासुदेव से कहा कि आप इस बालक को अपने मित्र नंद जी के यहां ले जाओ और वहां से उनकी कन्या को यहां ले आओ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे भारत वर्ष में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे जोर शोर से मनाई गई है। ऐसे में हर कोई कृष्ण भक्ति में डूबा हुआ नज़र आया, माखन के लिए पूरे गोकुल को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले श्री कृष्ण की जन्माष्टमी इस बार 24 अगस्त 2019 को मनाई गई इस बार श्रीकृष्ण मुरारी मंदिर गोपाल नगर में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी श्रद्धा पूर्वक से मनाया गया।

सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में लगी रही। मंदिर में कीर्तन सुबह से ही शुरू हो गये थे जो कि नजारा देखने योग्य था। जिन कृष्ण भक्तों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखा था।

उन्होंने गीता का पाठ भी किया। शाम को नजारा देखने योग्य था लाईट का प्रबंध इतना था कि हर जगह पर रोशनी ही रोशनी थी। मंदिर में कई प्रकार की झांकियां सजाई गई थी। भक्त लोग मंदिर में माथा टेकते और झांकियां देखने चले आए। मंदिर में स्टेज का प्रबंध भी किया हुआ था जहां श्रीकृष्ण और राधा का स्वरूप लेकर स्टेज पर नृत्य करते और श्रीकृष्ण लीला करते थे। भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंदिर में पैर रखने की जगह नहीं थी। जन्माष्टमी पर्व को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। मंदिर में कहीं रंग बिरंगे फूलों के जाल, कहीं रंग बिरंगी लाईटें और गुब्बारे मंदिर की शोभा बढ़ा रहे थे।

कृष्ण भक्तों के लिए श्री कृष्ण मुरारी प्रबंधक कमेटी गोपाल नगर जालंधर से लंगर का आयोजन भी किया गया। जालंधर के सभी मंदिरों की शोभा देखने योग्य बनी हुई थी। सुंदर व आकर्षित झांकियां मंदिरों की शोभा को चार चाँद लगा रही थी। पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे।

## मोदी-ट्रंप की मुलाकात से बौखलाए इमरान ने दी परमाणु युद्ध की धमकी

■ नई दिल्ली/ब्यूरो

जी-7 सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद एक बार फिर से पाकिस्तान बौखला गया है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्र के नाम संबोधन में भारत पर कई आरोप लगा दिए। उन्होंने कहा कि हमने जब कभी कश्मीर पर बातचीत करनी चाही तो उन्होंने हम पर आतंकवाद का आरोप मढ़ दिया।



इसी बीच मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने इसे हटाकर बहुत बड़ी गलती कर दी है। इसी के साथ इमरान ने भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दे दी और कहा कि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं।

## सुस्त तरीके से काम करने के कारण सिविल अस्पताल में लगी लंबी लाईनें

■ जालंधर/नीरज

जालंधर सिविल अस्पताल में सोमवार को दवाई लेने वालों की दवाई खिड़की पर लंबी कतारें लगी देखी गई। लाईन में लगे लोगों ने दबी आवाज़ में बताया कि दवाई तो खिड़की से जरूर मिल रही है, लेकिन दवाई देने वाले सुस्त तारीके से काम कर रहे है। जिसके कारण दवाई लेने वाले मरीज काफी समय से लंबी कतारों में लगे रहते है। सोमवार को गर्मी में लाईन बाहर सड़क तक पहुंच गई थी। जिसके कारण लोगों को मजबूरन धूप में खड़ा होना पड़ रहा है। इस संबध में जब खिड़की में दवाई दे रहे कर्मचारी से बात करनी चाही तो भीड़ ज्यादा होने के कारण बात ना हो सकी लेकिन लाईन में लगे लोग जरूर परेशान दिखाई दिए।



## पंजाब अनुसूचित जाति, भूमि विकास और वित्त निगम ने श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को समर्पित 550 लाख के कर्ज बाँटने की घोषणा -सूद

### बाढ़ प्रभावित अनुसूचित जाति भाईचारे के लोगों को पहल के आधार पर मिलेगा कर्ज

■ जालंधर/जालंधर ब्रीज

श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व अवसर पर अनुसूचित जाति के भाईचारे के लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब अनुसूचित जाति, भूमि विकास ,वित्त निगम के द्वारा 550 लाख रुपए का कर्ज उपलब्ध करवाने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी सर्कट हाऊस जालंधर में पंजाब अनुसूचित जाति, भूमि विकास पर वित्त निगम के चेयरमैन इंज.मोहन लाल सूद ने पंजाब के समूह जिला मैनेजरों की मीटिंग की अध्यक्षता में दी । उन्होनें बताया कि मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने युवाओं विशेषकर अनुसूचित जाति के गरीब लोगों को रोज़गार उपलब्ध करवाने की नीति के अंतर्गत श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर को समर्पित अनुसूचित जातियों के गरीब लोगों, सफाई कर्मचारियों और उन के निर्भर पारिवारिक सदस्यों और अपंग व्यक्तियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और स्व रोज़गार स्थापित करने के मंतव्य के साथ 30 सितम्बर 2019 तक 550 लाख रुपए के कर्ज उपलब्ध करवाने का फैसला किया है जिस के अंतर्गत कर्ज फार्म भरने का पहला कैंप 27 अगस्त 2019 को रैस्ट हाऊस फगवाड़ में लगाया जा रहा है।

उन्होनें बताया कि इस कैंप में सीधा कर्ज स्कीम, बैंक टाई अपना स्कीम, अपंग स्कीम, सफाई कर्मचारी निगम की स्कीमों के अंतर्गत भी जरूरतमंद योग्य आवेदको के फार्म भरे जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह के कैंप पंजाब के अन्य जिलों में भी लगाए जाएंगे जिससे निश्चित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

इस बैठक में अनुसूचित जाति के गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए पंजाब सरकार की नीतियों के अंतर्गत चलाई जा रही अलग अलग योजनाओं की प्रगति का जायजा भी लिया गया। उन्होनें मेनैजरों को हिदायत की कि वह सरकार की तरफ से पहले से निर्धारित किये गए लक्ष्य हर हालत में समय पर पूरे करने को यकीनी बनाये। उन्होनें बताया कि निगम की स्थापना से ले कर अब तक 5,33,479 लाभपातरियों को 748.55 करोड़ रुपए के कर्जे सीधे तौर पर और बैंकों द्वारा बाँटे गए हैं जिस में 186.39 करोड़ रुपए की सब्सिडी और 361.45 करोड़ रुपए का बैंक कर्ज है। श्री सूद ने बताया कि कैप्टन अमरिन्दर सिंह मुख्यमंत्री पंजाब की मौजूदा सरकार की तरफ से अनुसूचित जाति के गरीब लोगों के 14260 लाभपातरियों के 45.41 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किये गए।

इस अवसर पर चेयरमैन की तरफ से निगम से कर्ज प्राप्त कर स्व रोज़गार के द्वारा अपना जीवन स्तर ऊँचा उठाने वाले लाभपातरियों को प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी रजिन्दर सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी सरबजीत कौर और पंजाब भर से जिला मैनेजर और अन्य भी उपस्थित थे।

## कश्मीर मुद्दे पर ट्रंप के समक्ष बोले मोदी

# हम किसी तीसरे देश को नहीं देना चाहते कष्ट

■ बिआरित्ज/ब्यूरो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की गुंजाइश को सोमवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय रूप से सभी मुद्दों पर चर्चा कर समाधान कर सकते हैं और हम किसी तीसरे देश को कष्ट नहीं देना चाहते।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बगल में बैठकर मीडिया से बातचीत के दौरान मोदी ने यह टिप्पणी की। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात से पहले कहा था कि वह फ्रांसीसी शहर बिआरित्ज में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर कश्मीर मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने हाल में कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की थी।




मोदी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच कई द्विपक्षीय मुद्दे हैं और हम किसी तीसरे देश को कष्ट नहीं देना चाहते। हम द्विपक्षीय रूप से इन मुद्दों पर चर्चा कर इनका समाधान कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान 1947 से पहले साथ थे और उन्हें विश्वास है कि दोनों पड़ोसी अपनी समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कर सकते हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ अपनी टेलीफोन वार्ता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने खान को बताया था कि दोनों देश गरीबी समेत कई दूसरे मुद्दों का सामना कर रहे हैं और राष्ट्रों को साथ मिलकर लोगों के कल्याण के लिये काम करना चाहिए। वहीं, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने और मोदी ने बीती रात कश्मीर के बारे में बात की और उन्हें लगता है कि भारत और पाकिस्तान इसका समाधान कर सकते हैं। उनकी बैठक ऐसे समय हुई है जब पांच अगस्त को भारत ने जम्मू कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा वापस ले उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में विभाजित कर दिया था। संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को भारत द्वारा रद्द किये जाने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था क्योंकि पाकिस्तान ने इस कदम को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट रूप से बता दिया था कि यह भारत का अंदरुनी मामला है और पाकिस्तान को भी सलाह दी थी कि वह इस हकीकत को स्वीकार कर ले।

## बीजेपी नेताओं के निधन पर साध्वी प्रज्ञा का बेतुका बयान, कहा- विपक्ष ने मारक शक्ति का इस्तेमाल किया

नई दिल्ली/ब्यूरो

अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले भारतीय जनता पार्टी की नेता और भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने एक अजीबोगरीब बायान दिया है। उन्होंने बीजेपी नेताओं के निधन के संदर्भ में बेतूका बयान देते हुए कहा है कि विपक्ष मारक शक्ति का प्रयोग कर रहा है। साध्वी प्रज्ञा ने आज बीजेपी नेताओं की याद में रखी गई श्रद्धांजलि सभा में यह बात कही। बता दें कि पिछले दिनों बीजेपी के दो बड़े नेताओं का निधन हो गया। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के निधन से देश को बड़ा झटका लगा है।



साध्वी का यह बयान इन्हीं नेताओं के निधन के संदर्भ में है। साध्वी ने कहा, विपक्ष ने बीजेपी नेताओं पर मारक शक्ति का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, मैं जब चुनाव लड़ रही थी तब एक महाराज जी आए थे, उन्होंने कहा था ये बहुत बुरा समय चल रहा है. आप अपनी साधना को बढ़ा लो। विपक्ष एक मारक शक्ति का प्रयोग आपकी पार्टी और उसके नेताओ के लिए कर रहा है ऐसे में आप सावधान रहें।

## सरकार बनाएगी सतगुरू रविदास महाराज जी का मंदिर

■ जालंधर/नीरज

दिल्ली स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने सतगुरू रविदास महाराज जी के तुगलकाबाद मंदिर को सुप्रीम कोट के आर्डर के पश्चात् सरकार द्वारा तोड़े जाने के विरोध में रविदास समुदाय में भारी रोष पाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी द्वारा दिल्ली बंद के दौरान 21 अगस्त बुधवार रात को दिल्ली मे माहौल खराब करने वाले कुछ युवकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायर भी किए थे। दिल्ली पुलिस ने कानूनी कारवाई करते हुए कुछ युवकों पर पर्चा दर्ज भी किया। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना सतगुरू रविदास महाराज जी के मंदिर को तोड़ने के विरोध और कुछ युवकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा पर्चा दर्ज करने के विरोध में फगवाड़ा में लोक इंसाफ पार्टी के नेता जरनैल नंगल ने लोक इंसाफ पार्टी के प्रधान बैंस ब्रदर सहित होशियारपुर से केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश के घर रोष मार्च निकाला, लेकिन पुलिस प्रशासन के विरोध करने पर फगवाड़ा का माहौल तनावपूर्ण हो गया। रविदासियों समाज की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले का समाधान करते हुए, होशियारपुर के केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश ने ब्यान दिया है कि सरकार जल्द से जल्द दिल्ली स्थित तुगलकाबाद में सतगुरू रविदास महाराज जी का बहुत बड़ा मंदिर, व सरोवर भी बनायेंगी।

## लारवा विरोधी टीमों की तरफ से 34 डेंगू लारवा केसों की पहचान

■ जालंधर/नीरज

स्वस्थ पंजाब मिशन तहत पानी से पैदा होने वाली बिमारियों की रोकथाम के लिए सेहत विभाग ने लारवा विरोधी सैल की तरफ से शहर की तरफ से 8 स्थानों पर विशेष जांच करके 34 डेंगू लारवा केसों की पहचान की गई। लारवा विरोधी सैल की अलग-अलग टीमें जिनमें राजिंदर सिंह, कमलदीप सिंह, हरप्रीत लाल, राजन कुमार, अमित कुमार, जगजीत, हरप्रीत पाल, संजीव कुमार, सतपाल, गुरविंदर सिंह और विनोद कुमार ने हरदियाल नगर, कनियावाली, आदर्श नगर, चौगिटी, गोपाल नगर और मास्टर तारा सिंह नगर की जांच की। मैंबरों ने 374 घरों का दौरा करके 283 लोगों को कवर किया और 164 कूलरों पर 848 वेस्टड चीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि डेंगू मच्छर का लारवा ज्यादतर कूलरों में पैदा होता है जिस के साथ डेंगू मलेरीया और कई बिमारियां पैदा होती है। उन्होंने कहा कि हफ्ते में दो बार ये मुहिम चलाई जायेगी।

